# ईको फ्रेंडली उद्योगों को बढ़ावा देने की योजना, मिलेगी छूट

**तैयारी**

- उद्योगों में हरित उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना
- हरित ऊर्जा के प्रयोग के लिए करेंगे प्रोत्साहित

लखनऊ, विशेष संवाददाता। औद्योगिक विकास की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही राज्य सरकार ने उद्योगों में हरित उत्पादक को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। हरित ऊर्जा के उपयोग के लिए उद्योगों को रियायत भी दिए जाने की तैयारी है ताकि बढ़ते प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके। नियोजन विभाग ने 2035 तक नेट जीरो औद्योगिक गलियारा बनाने का लक्ष्य रखा है।

नियोजन विभाग ने विकसित यूपी-2047 के लिहाज से उद्योगों में तकनीक व पर्यावरण के अनुकूल मानकों के प्रयोग को बढ़ावा दिए जाने की योजना तैयार की है।

बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इसे लेकर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया था। योजना है कि विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को अलग-अलग प्रोत्साहन योजना का लाभ देकर हरित ऊर्जा के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश में न सिर्फ उत्पादन बढ़े बल्कि उद्योगों से पर्यावरण को होने वाली हानि को न्यूनतम रखा जा सके।